(ई–मेल एवं व्हाटस एप्प से भी प्रेषित)

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रक्सौल।

पत्रांक 1627 दिनांक 30-11-23

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रक्सौल।

सेवा में ,

M/s Shiva Construction,
At-New Colony, V C Lane Mithanpura, Muzaffarpu,
Bihar, PIN Code-842002

विषयः– Overall Grading 'U' प्राप्त आपके द्वारा निर्मित MMGSY (Gen) योजना अन्तर्गत NH-28A Path Chiljhapti To Sah Tola Katkenwa पथ को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक सुधार कर सूचित करने के संबंध में।

महाशय्

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि MMGSY (Gen) योजना अन्तर्गत आपके द्वारा निर्मित NH-28A Path Chiljhapti To Sah Tola Katkenwa पथ को अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 08.11.2023 को BRRMS App से निरीक्षण की गई एवं निरीक्षण के दौरान पथ Overall Grading 'U' प्राप्त किया। जो यह प्रमाणित करता है कि आपके द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य स–समय एवं समुचित ढ़ंग से नहीं किया जा रहा है।

विदित हो कि BRRMS App से निरीक्षण में Overall Grading 'U' प्राप्त पथ को एक सप्ताह के अन्दर Rectify करवा कर पुनः BRRMS App से निरीक्षण उपरांत Overall Grading 'S' प्राप्त होना चाहिए अन्यथा संवेदक के एकरारनामा को विखंडित करते हुए निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा करने का सख्त निर्देश विभाग द्वारा प्राप्त है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि पत्र निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर पथ को Rectify करवा कर कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें अन्यथा आपके एकरारनामा को विखंडित करते हुए निबंधन को कालीसूची में डालने की अनुशंसा विभाग को करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी।

इसे अति गंभीरता से लें अन्यथा अग्रेत्तर फलाफल के लिए आप पूर्ण रूपेण जिम्मेवार होंगे।

विश्वासभाजन

30/11/23

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, रक्सौल।

CamScanner